# क्रिश्चियन कॉलेज की जमीन अब सरकारी घोषित

- जमीन का बाजार मूल्य 400 करोड़ रुपए
- तीन दिन में अधिकारियों को कब्जा लेने के आदेश



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर के सबसे पुराने क्रिश्चियन कॉलेज की जमीन अब सरकारी घोषित हो गई है. कलेक्टर ने 4 सौ करोड़ रुपए की जमीन का तीन दिन में कब्जा लेने आदेश मातहत अधिकारियों को दिए है. खास बात यह है उक्त जमीन का टीएनसीपी नक्शा मंजूर नहीं करने के भी कलेक्टर ने आदेश दिए थे.

शहर के करीब 140 साल पुराने क्रिश्चियन कॉलेज की जमीन अब नजूल की जमीन हो गई है. उक्त आदेश कलेक्टर शिवम वर्मा ने प्रकरण की तहकीकात और शर्तो के आधार पर किए हैं.

मामला यह है कि क्रिश्चियन कॉलेज की जमीन महाराजा होलकर ने शैक्षणिक और हॉस्पिटल उपयोग के लिए बिना किराया भुगतान के नि:शुल्क खसरा नंबर 407/1669/3 की 68..303 एकड़ जमीन ईसाई मिशनरी को दी थी. उक्त फाइल एसडीएम, तहसीलदार सहित कई जगहों पर अनुमति दिए जाने को लेकर चल रही थी. इस मामले में कलेक्टर ने एसडीएम जूनी इंदौर और तहसीलदार को जांच करने और रिपोर्ट देने का कहा था. रिपोर्ट में महाराजा होलकर के बाद जमीन का मालिकाना हक उसके उत्तराधिकारी का होगा. वर्तमान में उक्त जमीन मध्यप्रदेश शासन की मानी जा रही है. इस कारण उक्त जमीन का प्रकरण कलेक्टर राजस्व न्यायालय में चल रहा था. कल कलेक्टर शिवम वर्मा ने क्रिश्चियन कॉलेज की 68 एकड़ से ज्यादा जमीन को सरकारी घोषित कर दिया.

### कॉलेज और स्वास्थ्य गतिविधि बंद

साथ ही जूनी इंदौर एसडीएम प्रदीप सोनी और नायब तहसीलदार कमलेश कुशवाह को 4 सौ करोड़ रुपए मूल्य की जमीन का कब्जा लेने का आदेश दिया है. उक्त जमीन पर कॉलेज और स्वास्थ्य की गतिविधि बंद हो गई है. नायब तहसीलदार कमलेश कुशवाह ने बताया कि सरकार से अनुदान भी बंद हो चुका है. वर्तमान में उक्त जमीन का उद्देश्य पूरा नही होने से कलेक्टर ने नजूल जमीन घोषित करने की कारवाई की है. कब्जा लेने के आदेश दिए है.

# ढाई सौ करोड़ की जमीन पर कब्जे की कोशिश

- प्रशासन ने जब्त की जेसीबी मशीनें और ट्रैक्टर ट्रॉली



**इंदौर.** शहर के पश्चिम क्षेत्र में रणजीत हनुमान के पीछे स्थित संस्था के जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की. प्रशासन को जानकारी लगते ही एसडीएम ने मौके पर से जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया और काम रुकवाने की कार्रवाई की.

रणजीत हनुमान के पीछे स्कीम 71 के आखरी में बड़ी खुली जमीन है. उक्त जमीन हरियाणा गृह निर्माण सहकारी सोसाइटी की है. करीब 17.60 एकड़ जमीन की कीमत 250 सौ करोड़ रुपए बताई जा रही है. ऐसा बताया जा रहा है कि हरियाणा गृह निर्माण सोसायटी सुप्रीम कोर्ट से जमीन का केस जीत चुकी है. फिलहाल देवी अहिल्या ट्रस्ट और सोसायटी के बीच मामला कोर्ट में विचाराधीन है. उक्त जमीन पर मन्नूलाल शुक्ला चौकीदार होना बताया जा रहा है, जिसका कोर्ट में विचाराधीन प्रकरण में भी जमीन के चौकीदार के रूप में उल्लेख है. चौकीदार शुक्ला के तरफ से ही उक्त जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई और जमीन समतली करण का कार्य किया जा रहा था.

### एसडीएम ने काम रुकवाया

मौके पर 10 जेसीबी मशीनों से समतल करने के एवज कब्जा करने की कोशिश की गई. उक्त मामले में ट्रस्ट द्वारा प्रशासन को अवगत कराया गया. प्रशासन की ओर से एसडीएम मल्हारगंज निधि वर्मा ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया. साथ ही बिना अनुमति के जमीन पर कब्जे की कोशिश के चलते 10 जेसीबी मशीन और एक ट्रैक्टर ट्राली मौके पर जब्त करने की करवाई की गई. उक्त मामले में एसडीएम निधि वर्मा को कई बार कॉल किए, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया.

## एक नजर में

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के वित्तीय परिणाम घोषित

**इंदौर.** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की. सकल ऋण पुस्तिका 37,057 करोड़ रुपए रही जो कि 21.6% सालाना व 7.1% तिमाही दर तिमाही वृद्धि है. अब तक का सर्वाधिक तिमाही वितरण 8,293 करोड़ रुपए रहा जो 54.7% सालाना व 4.5% तिमाही दर तिमाही वृद्धि रही. बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ संजीव नौटियाल ने कहा भारत का व्यापक आर्थिक परिदृश्य अनुकूल बना हुआ है. वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाहीमें 8.2% की मजबूत जीडीपीवृद्धि ने ऋण वृद्धि और परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए सहायक माहौल तैयार किया है. उज्जीवन एसएफबी में जमा वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाहीमें 7.7% तिमाही दर तिमाहीऔर 22.4% सालानाबढ़कर 42,223 करोड़रुपए हो गई, जबकि दिसंबर '25 के अंत में क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात 88% रहा. तिमाही के लिए सीआईएफ 7.08% रहा, जो सालानाआधार पर 49 बीपीएसकम है.

### युवाओं के लिए आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस

**इंदौर.** आने वाले दस वर्ष देश के युवाओं को समर्पित हैं. इसी सोच के साथ तैयार किया गया, आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस एक ऐसा मार्केट-लिंक्ड जीवन बीमा उत्पाद है, जो कमाने वाले युवाओं की सुविधाओं को ध्यान में रखता है. यह न सिर्फ लंबे समय में संपत्ति बनाने में मदद करता है, बल्कि परिवार को वित्तीय सुरक्षा भी देता है. सिर्फ 1,000 रुपए प्रति माह से शुरू होने वाला यह किफायती प्लान युवा प्रोफेशनल्स और पहली बार निवेश करने वालों को जल्दी शुरुआत करने, निवेश बनाए रखने और भारत की विकास कहानी का लाभ लेने का मौका देता है. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने कहा आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस एक किफायती उत्पाद है, जिसमें ग्राहक द्वारा चुने गए एसेट एलोकेशन के अनुसार पूरा प्रीमियम निवेश किया जाता है. यह आंशिक निकासी की सुविधा भी देता है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत वित्तीय जरुरत पूरी हो सके।

### मोटोरोला सिग्नेचर के साथ फ्लैगशिप सेगमेंट को अपग्रेड किया

**इंदौर.** मोटोरोला ने आज भारत में मोटोरोला सिग्नेचर को लॉन्च किया है. यह अल्ट्रा-प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन बेहद लग्ज़री है, और अपने सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करता है. इसे उन उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है जो बेजोड़ उत्कृष्टता चाहते हैं. मोटोरोला सिग्नेचर में दुनिया का एकमात्र ट्रिपल सोनी लिटिया प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम है, जिसे डीएक्सओमार्क गोल्ड लेबल सर्टिफिकेशन की मान्यता मिली है. सिस्टम के केंद्र में 50एमपी सोनी लिटिया 828 मेन कैमरा है, जो अब तक का सबसे बड़ा 50एमपी सेंसर है. इसमें 50एमपी सोनी लिटिया 600 पेरिस्कोप कैमरा भी दिया गया है, जिसमें 3× ऑप्टिकल जूम, ओआईएस और 100× तक सुपर जूम प्रो है. मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी.एम. नरसिम्हन ने लॉन्च पर कहा कि मोटोरोला सिग्नेचर के साथ हम भारत में अल्ट्रा-प्रीमियम स्मार्टफोन्स के लिए एक नया बेंचमार्क बना रहे हैं, जो सिर्फ फीचर्स से आगे जाता है. डीएक्सओमार्क से गोल्ड स्टैण्डर्ड रेटिंग की महत्वपूर्ण कैमरा टेक्नोलॉजी, शानदार परफॉर्मेंस, भारत में पहली बार खास सिग्नेचर क्लब में हम एक बढ़िया पैकेज दे रहे हैं. यह उन लोगों के लिए है जो अपनी हर चीज़ में खासियत, अच्छा परफॉर्मेंस और मकसद ढूंढते हैं.

### वीआईटी भोपाल टीम अवितार मोटरस्पोर्ट्स ने किया शानदार प्रदर्शन

**इंदौर.** वैल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) भोपाल के स्कूल ऑफ मैकेनिकल इंजीनियरिंग से टीम अवितार मोटरस्पोर्ट्स ने हाल ही में पीथमपुर, मध्य प्रदेश की नेट्रैक्स फैसिलिटी में आयोजित एसएई इंडिया ए-बाहा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया. इस कार्यक्रम में देश की अग्रणी कॉलेजिएट मोटरस्पोर्ट टीमों के साथ-साथ एसएई इंडिया के वरिष्ठ प्रतिनिधियों, ऑटोमोबाइल निर्माताओं, टेस्टिंग एजेंसियों एवं उभरते मोबिलिटी स्टार्ट-अप्स ने भी हिस्सा लिया. नई पेश की गई हाइड्रोजन-पावर्ड एच-बाहा कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करते हुए, टीम अवितार ने गहन तकनीकी क्षमता, डिज़ाइन थिंकिंग एवं उद्योग जगत के प्रति तत्परता का प्रदर्शन किया. टीम ने सेल्स प्रेज़ेन्टेशन में ऑल इंडिया रैंक 2 (पहला रनर-अप) हासिल किया, जो मुश्किल इंजीनियरिंग समाधानों को मार्केट के अनुकूल आकर्षक प्रस्ताव में बदलने की उनकी क्षमता को दर्शाता है. संस्थान के लिए सबसे खास आकर्षण बिन्दु यह रहा कि डॉ प्रशांत जीके को उनकी बेहतरीन मेंटरशिप एवं लीडरशिप के लिए द्रोणाचार्य अवॉर्ड फॉर बेस्ट फैकल्टी अडवाइज़र से भी सम्मानित किया गया.

### न्युवोको विस्टास ने आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन लॉन्च किया

**इंदौर.** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की भरोसेमंद बिल्डिंग मटीरियल कंपनी, ने अपने आर्टिस्ट डेकोरेटिव कॉंक्रीट पोर्टफोलियो के तहत एक नई प्रीमियम रेंज, न्युवोको आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन लॉन्च किया. आधुनिक निर्माण और लैंडस्केपिंग प्रोजेक्ट्स के लिए विकसित, एलीट कलेक्शन कलात्मक समझ को तकनीकी सटीकता के साथ जोड़ता है. यह रेंज चार आधुनिक, इस्तेमाल के लिए तैयार डेकोरेटिव कॉंक्रीट फिनिश पेश करती है जो विश्वसनीय प्रदर्शन देते हुए खूबसूरती को बढाती है. चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि न्युवोको आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन सोच-समझकर, डिजाइन आधारित सॉल्यूशंस पर हमारे फोकस को दर्शाता है. यह रेंज खूबसूरती, सस्टेनेबिलिटी और इस्तेमाल में आसानी को जोड़ती है, जिससे ग्राहक आत्मविश्वास के साथ खास जगहें बना सकते हैं. एलीट कलेक्शन आर्टिस्ट की एक प्रीमियम डेकोरेटिव कॉंक्रीट ब्रांड के रूप में स्थिति को मजबूत करता है जो क्रिएटिविटी को प्रदर्शन के साथ जोड़ता है.

### सितारों ने साझा किए दिल छूने वाले गणतंत्र दिवस संदेश

**इंदौर.** कलर्स के 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' से कृष्णा अभिषेक कहते हैं मेरे लिए गणतंत्र दिवस भारत की खासियतों का जश्न मनाने का दिन है. घर पर हम सभी टीवी के सामने बैठकर गणतंत्र दिवस परेड देखते हैं और अपने बच्चों व कश्मीरा के साथ उस पल को साझा करना हमेशा खास होता है. तेजस्वी प्रकाश ने कहा मुझे आज भी याद है कि बचपन में मैं सुबह-सुबह अपने सोसायटी में ध्वजारोहण के लिए दौड़ पड़ती थी। उस समय मन में गर्व की एक ऐसी भावना होती थी, जिसे शब्दों में बयान करना मुश्किल था. 'नागिन 7' में मुख्य भूमिका निभा रहीं प्रियंका चाहर चौधरी कहती हैं जब भी मैं अपना राष्ट्रीय ध्वज देखती हूँ, तो उन दूरदर्शी नेताओं की याद आती है जिनकी वजह से हमें यह दिन मिला. गणतंत्र दिवस मुझे इस जिम्मेदारी का एहसास कराता है कि हमें अपने देश की रक्षा और सम्मान करना है. कलर्स के मन्नत हर खुशी पाने की में विक्रांत का रोल निभाने वाले अदनान खान कहते हैं गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि हम एक देश के तौर पर कौन हैं और हम किस चीज के लिए खड़े हैं. मंगल लक्ष्मी में मंगल का रोल निभाने वाली दीपिका सिंह कहती हैं. मुझे हमेशा एक जागरूक और जिम्मेदार भारतीय होने पर गर्व रहा है, जो अपने अधिकारों और कर्तव्यों दोनों के बारे में जानता है, और मैं उस जागरूकता को अपनी जिंदगी और काम में भी रखती हूं।

# महापौर ने नागरिकों से संवाद कर सुनीं उनकी समस्याएं

- निगम के वार्ड 82 में संकल्प से समाधान का लगाया शिविर
- पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को लाभ वितरित




नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज संकल्प से समाधान शिविर में महापौर ने दो पीएम स्वनिधि और घरेलू कामकाजी महिला योजना का लाभ दिया गया. शिविर हवा बंगला झोन क्षेत्र में लगाया गया था. शिविर में महापौर ने मौजूद हितग्राहियों और अन्य समस्याओं को लेकर नागरिकों से बातचीत की.**

आज झोन 14 के वार्ड 82 में साई बाबा मंदिर के पास, हवा बंगला रोड पर नगर निगम ने शिविर लगाया. शिविर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी. नागरिकों के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए. शिविर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केरल में तिरूवंतपुरम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया. कार्यक्रम पीएम स्वनिधि योजना में एक लाख ऋण प्रकरणों के वितरण एवं क्रेडिट कार्ड योजना के शुभारंभ का था. शिविर में महापौर द्वारा शासन पीएम स्वनिधि योजना के 2 एवं घरेलू कामकाजी महिला योजना की 2 महिला हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से 50 हजार रुपए के चेक वितरण किए गए. शिविर में पार्षद शानु शर्मा, अपर आयुक्त नरेन्द्र नाथ पांडे, झोनल अधिकारी सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित थे.

### वार्ड स्तर पर लगाए जा रहे शिविर

इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा गरीब, महिला, युवा एवं जरूरतमंद वर्ग के कल्याण हेतु 100 से अधिक योजनाएं चलाई जा रही हैं. इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को देने के लिए वार्ड स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं. महापौर ने जानकारी दी कि अभी तक शहर के सभी वार्डों से 13 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं. इनमें से नगर निगम, जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित करीब 10 हजार से अधिक आवेदनों को स्वीकृत किया गया है. बाकी आवेदनों पर भी कार्रवाई चल रही है.



# निगम द्वारा नर्मदा टंकियों का सफाई अभियान शुरू

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर की नर्मदा जलप्रदाय टंकियों की सफाई का नगर निगम ने काम शुरू कर दिया है. नर्मदा पानी के टंकियों की अंडर से सफाई एवं टंकी दीवारों पर केमिकल पुताई और क्लोरिफिकेशन किया जा रहा है.**

नगर आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहर में नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त पेयजल देने के लिए नर्मदा पेयजल आपूर्ति से जुड़ी सभी टंकियों की सफाई का काम किया जा रहा है. टंकियों में गहन साफ-सफाई एवं आवश्यकतानुसार क्लोरिनेशन का कार्य निरंतर रूप से चलाया जा रहा है. आज शहर की बर्फानी धाम, भूरी टेकरी तथा महावीर नगर पेयजल टंकी के साफ सफ़ाई के गई. सफाई कार्य के दौरान टंकियों के आंतरिक भाग, तल एवं दीवारों की सफाई कर कीटाणुनाशक केमिकल का छिड़काव किया गया, ताकि पानी की शुद्धता एवं गुणवत्ता बनी रहे. आयुक्त सिंघल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल टंकियों की मॉनिटरिंग, क्लोरिनेशन एवं सफाई कार्य में पूर्ण सतर्कता बरती जाए और तय मानकों के अनुरूप कार्य करें.



# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए युवा स्वैच्छिक गरीबी धारण करें

**इंदौर.** गांधीवादी चिंतक विचारक पुष्पेंद्र दुबे ने कहा है कि वर्ष 2047 में यदि हमें भारत को आत्मनिर्भर भारत के रूप में तैयार करना है तो देश के युवाओं को सुरक्षित गरीबी धारण करना होगी.

दुबे आज बसंत पंचमी के अवसर पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वदेशी और युवा विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वदेशी के मतलब को हमें समझना होगा. युवावस्था में स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व में देश को जो स्थान दिलाया उसका हमें अध्ययन करना चाहिए.उन्होंने कहा कि यदि हमें वर्ष 2047 में आत्मनिर्भर भारत तैयार करना है तो देश के युवाओं को स्वैच्छिक गरीबी धारण करना होगी. इस समय देश में वैचारिक शून्यता की स्थिति है. स्वैच्छिक गरीबों की स्थिति को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि हम पैकेज के चक्कर में नहीं पड़े और जितनी हमें आवश्यकता है उतना ही प्राप्त करें, बाकी समाज के लिए दे दें. इस समय तो हालत यह है कि हमने शहर को सुविधा संपन्न बनाने के लिए गांव को बाईपास कर दिया है. इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के हेमंत रावत भी उपस्थित थे. कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष डॉ सोनाली नरगुंदे ने अतिथियों का स्वागत किया.





# फैशन के साथ समाज को दिया प्रेरणादायक संदेश

- स्वर्णम वस्त्र सीजन फोर का आयोजन

**इंदौर.** स्वर्णम वस्त्र सीजन फोर का आयोजन इंदौर में संपन्न हुआ, जिसने फैशन के साथ-साथ समाज को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दिया. आयोजन का नेतृत्व अर्चना गुप्ता एवं दीपिका शर्मा ने किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल और पूर्व राज्य मंत्री योगेंद्र महंत की उपस्थिति रही. इसके साथ ही एनएसटीआई के बच्चों एवं वीएल के छात्रों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया.

विशेष आकर्षण के रूप में मुख्यमंत्री की भतीजी आनंदिता यादव की उपस्थिति रही. वरिष्ठ पत्रकार एवं अंक ज्योतिषी राजेश उषा शर्मा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की. फैशन शो के दौरान चित्रा त्रिवेदी ने फेस ऑफ एमपी का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया. उन्हें यह ताज जूरी सदस्य दिव्या शर्मा ने पहनाया. वहीं साक्षी सुंदरानी ने अधा को मिस इंदौर का खिताब प्रदान किया. रिवाज शोरूम द्वारा प्रस्तुत परिधान दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे. वहीं एनएसटी के बच्चों ने नेचर थीम पर आधारित अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया. विशिष्ट अतिथियों के रूप में रेखा सुराना, भावना जी एवं स्वेता जैन की उपस्थिति रही. नित्या निर्वाण सिंह की प्रस्तुति ने समाज को समावेशन और समानता का सशक्त संदेश दिया.




# शानदार रिस्पांस के साथ शुरू हुआ क्रेडाई प्रॉपर्टी शो

**इंदौर.** शहर के सबसे बड़े क्रेडाई प्रॉपर्टी शो का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विनोद अग्रवाल ने किया. उद्घाटन समारोह के इस विशेष मौके पर उनके साथ क्रेडाई इंदौर के सभी मेंबर्स भी उपस्थित थे. 26 जनवरी तक एमआर-10 स्थित सी -21 एस्टेट ग्राउंड पर आयोजित इस शो के पहले दिन विज़िटर्स ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ प्रॉपर्टी देखने की शुरुआत की. यहां 40 से अधिक डेवलपर्स द्वारा शहर की प्राइम लोकेशन, डेवलपिंग एरिया, लक्ज़रीयस टाउनशिप्स में प्रॉपर्टी के 200 से अधिक ऑप्शंस प्रदर्शित प्रदर्शित किये जा रहे हैं.

शुभारम्भ समारोह में विनोद अग्रवाल ने कहा कि क्रेडाई ने रियल एस्टेट क्षेत्र में सही अर्थ में अपने नाम को चरितार्थ किया है. शहर को विकसित करने में क्रेडाई का महत्वपूर्ण योगदान है और यह ग्राहको और डेवलपर्स के मध्य एकमहत्वपूर्ण कड़ी है. क्रेडाई के बोर्ड मेंबर गोपाल गोयल ने कहा कि प्रॉपर्टी शो की शुरुआत काफी उत्साहवर्धक रही। डेवलपर्स द्वारा विज़िटर्स को रेडी टू मूव हाउसेस, अंडर कंस्ट्रक्शन व रेडी पजेशन प्रॉपर्टी के ऑप्शंस दिखाए जा रहे हैं. विशेष बात यह है कि यह सभी ऑप्शंस विज़िटर्स के बजट के अनुरूप है, जिसका लाभ ग्राहक 26 जनवरी तक उठा सकते हैं. शो में प्रेजेंटिंग पार्टनर एमरल्ड ग्रुप, माइक्रो मिट्टी, गोल्ड स्पॉन्सर- स्काय अर्थ, लाभम, एम. झवेरी, एसएस इन्फिनिटस और सिल्वर स्पॉन्सर- रुचि रियल्टी, शुभम ग्रुप, बीसीएम ग्रुप, ड्रीम ग्रुप है.

### विशेष रियल एस्टेट कॉन्क्लेव आज

प्रॉपर्टी शो के दौरान विशेष रियल एस्टेट कॉन्क्लेव का आयोजन भी किया जा रहा है. क्रेडाई इंदौर के बोर्ड मेंबर अतुल झंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि, बदलते रियल एस्टेट क्षेत्र के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा के उद्देश्य से विशेष कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा विशेषज्ञों से सराबोर इस कॉन्क्लेव में रियल एस्टेट के आयाम और चुनौतियाँ, अनलॉकिंग रियल एस्टेट ग्रोथ, रियल एस्टेट ग्रोथ को सरल बनाने में समस्या व समाधान जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी. क्रेडाई बोर्ड मेंबर उमेश लीलानी ने कहा, कि हालिया माहौल में लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने में ज्यादा इंटरेस्टेड है. प्रॉपर्टी शो में विविध ऑफर्स, न्यूनतम ईएमआई पर होमलोन सुविधाएं भी उपलब्ध है.

## एक नजर में

### इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा स्टूडेंट मैनेजमेंट गेम्स का आयोजन

# विद्यार्थियों ने निर्णय क्षमता और टीम वर्क का किया प्रदर्शन



**इंदौर. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा 29वें स्टेट लेवल स्टूडेंट मैनेजमेंट गेम्स का आयोजन एक्रोपोलिस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, इंदौर में किया गया. यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के तत्वावधान में आयोजित की गई.**

कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन सत्र से हुआ, जिसमें मुख्य रूप से आईएमए सचिव चानी त्रिवेदी, आईएमए कार्यकारिणी सदस्य प्रमथ बकलीवाल और एक्रोपोलिस इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन गौरव सोजतिया उपस्थित रहे. दो दिन विभिन्न मैनेजमेंट सिमुलेशन गेम्स आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी रणनीतिक सोच, निर्णय-क्षमता एवं टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया. इस प्रतियोगिता में इंदौर एवं अन्य शहरों के प्रतिष्ठित संस्थानों की कुल 54 टीमों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में पैसिफिक यूनिवर्सिटी, उदयपुर विजेता रही, जबकि एक्रोपोलिस कॉलेज प्रथम उपविजेता एवं पैसिफिक यूनिवर्सिटी द्वितीय उपविजेता रही. इस आयोजन में कई संस्थानों ने भाग लिया.

### शीर्ष टीमों में हुआ कड़ा मुकाबला

रीजनल लेवल फाइनल राउंड में शीर्ष टीमों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. इस अवसर पर अमृत पेपर के सीईओ मुख्य अतिथि गौरांग दागा उपस्थित रहे. पूरे आयोजन का संचालन एआईएमए के अधिकारियों अंशु सिकरी एवं प्रदीप कुमार द्वारा किया गया. इस प्रतियोगिता से चयनित कुल 6 टीमें अब पुणे में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के स्टूडेंट मैनेजमेंट गेम्स में भाग लेंगी।